भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 3177

गुरूवार, 19 मार्च, 2026/28 फाल्गुन, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटक गाइडों का कौशल उन्नयन

3177 श्री साना सतीश बाबू:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पर्यटक गाइडों के कौशल उन्नयन से संबंधित पहल के अंतर्गत चिह्नित किए गए गंतव्यों का ब्यौरा क्या है, उनके चयन के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं तथा क्या आंध्र प्रदेश से किसी स्थल को इसमें शामिल किया गया है;

(ख) कार्यक्रम के लिए आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है तथा निर्धारित कार्यान्वयन समय-सीमा क्या है;

(ग) 10,000 पर्यटक गाइडों के कौशल उन्नयन हेतु पात्रता मानदंड और रूपरेखा क्या है तथा इस पहल में भागीदारी करने वाले आईआईएम का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या प्रमाणन अंतर्राष्ट्रीय मानकों और पहल के इच्छित परिणामों के अनुरूप है; और

(ङ) पर्यटक गाइडों की राज्य-वार संख्या, विशेषकर आंध्र प्रदेश में, कितनी है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): केंद्रीय बजट 2026 में आंध्र प्रदेश सहित भारत के 20 प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों पर 10,000 गाइडों के कौशल उन्नयन के लिए एक पायलट योजना की घोषणा की गई थी। यह योजना 12 सप्ताह के संरचित शैक्षणिक और क्षेत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) और राष्ट्रीय क्रेडिट ढांचा (एनसीआरएफ) के अनुरूप गुणवत्ता, परिणाम और प्रमाणन के मामले में तैयार की गई है। पर्यटन गाइडों के इस कौशल उन्नयन का उद्देश्य भारत में पेशेवर रूप से प्रशिक्षित, जानकार और जिम्मेदार गाइडों का विकास करना है। यह प्रशिक्षण भारतीय पर्यटन के विभिन्न पहलुओं का ज्ञान प्रदान करता है, जिसमें अन्य बातों के अलावा, कथा वाचन व्याख्यान कौशल, पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने और उनके अभिनंदन के लिए उन्हें स्मारकों के साथ जुड़ाव प्रदान करने के लिए भारतीय विरासत एवं संस्कृति, धर्म, कला और वास्तुकला और समकालीन पर्यटन पद्धतियां शामिल हैं।

यह कार्यक्रम भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय से चलाया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वित्तीय वर्ष 2026-27 में आयोजित किया जाएगा।

मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, लगभग 2600 इनक्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट गाइड (आईआईटीजी) और 5300 इनक्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट फैसिलिटेटर (आईआईटीएफ) हैं, जो आंध्र प्रदेश सहित पूरे भारत में टूरिस्ट गाइड के रूप में काम करने के लिए पात्र हैं।

*****